एनएसएस और डीएवीवी के अभियान के तहत आज नुक्कड़ नाटक होगा

# स्वच्छता केवल अभियान नहीं सतत प्रक्रिया है



इंदौर | राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की आईईटी डीएवीवी ईकाई द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान पहल के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ नालंदा परिसर में हुआ। उद्घाटन कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई और कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा ने किया। कार्यपरिषद सदस्य डॉ. संजीव टोकेकर, आईईटी की निदेशक डॉ. वृंदा टोकेकर, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल, तपेश सरसोदिया आदि उपस्थित थे।

कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जो समाज के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो सकती है। संगोष्ठी के बाद 100 से ज्यादा सदस्यों ने श्रमदान कर यूनिवर्सिटी नालंदा परिसर की सफाई की और समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत 4 अप्रैल को तक्षशिला परिसर में सफाई अभियान और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। 5 अप्रैल को आईईटी में सफाई अभियान का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।